पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, 'ऊर्जानिधि', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली–110001, फैक्सः 011–23443990 वेबसाइटः www.pfcclindia.com

वैश्विक आमंत्रण (केवल ई–निविदा के माध्यम से)

अंतर्राज्जीय पारेषण परियोजनाओं के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) की एकल चरण की दो लिफाफा प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण परियोजनाओं की स्थापना हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करती है।

इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com** और **https://www.pfcclindia.com** पर उपलब्ध आरएफपी अधिसूचना और आरएफपी दस्तावेज देख सकते हैं।

निविदादाता अप्रतिदेय शुल्क **रु. 5,00,000/– या यूएसडी (यूएस डॉलर) 7,000** + लागू जीएसटी 18 प्रतिशत का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज **28.09.2024 से निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए निविदा जमा तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व** तक सभी कार्य दिवसों में 10:30 बजे (आईएसटी) से 16:00 बजे (आईएसटी) के बीच 9वीं मंजिल, विंग – ए, स्टेट्समैन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोनः 91–11–23443996; फैक्सः 91–11–23443990; ई–मेलः **pfccl.itp@pfcindia.com** से प्राप्त कर सकते हैं। आरएफपी दस्तावेज **https://www.mstcecommerce.com** और **https://www.pfcclindia.com** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं, यद्यपि, ऐसे मामले में, इच्छुक पार्टियां आरएफपी के उत्तर जमा करते समय अलग से अप्रतिदेय शुल्क **रु. 5,00,000/– या यूएसडी (यूएस डॉलर) 7,000** + लागू जीएसटी 18 प्रतिशत जमा कर सकते है। सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण केवल उन निविदादाताओं को जारी किया जाएगा, जो निविदा जमा तिथि से न्यूनतम एक कार्यदिवस पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज खरीद/प्राप्त कर चुके हैं। निविदादाता किसी भी स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के बारे में नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। इस संबंध में महत्वपूर्ण समय–सारणी निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	पारेषण परियोजना का नाम	स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष)	आरएफपी का उत्तर जमा करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष)	आरएफपी के उत्तर खोलने की तिथि (दिन/माह/वर्ष)
1.	फतेहगढ़-II पीएस, फतेहगढ़-IV पीएस (सेक्शन-II) व बाड़मेर-I पीएस में आईसीटी क्षमता का विस्तार	18.10.2024	03.12.2024 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक	03.12.2024 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक
2.	उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विस्तार स्कीम-XXV भाग-क(एनईआरईएस-XXV भाग-क)	18.10.2024	04.12.2024 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक	04.12.2024 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक

नोट : पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द करने या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

बोली प्रक्रिया समन्वयक
PFC CONSULTING LTD.
(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
(भारत सरकार का उपक्रम)

पहलकर्ता
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

पहल साझेदार
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण